## संक्षिप्त

### चेजा पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रोली जब्त

**निवाई।** वन क्षेत्र नोहटा से चेजा पत्थरों का अवैध खनन परिवहन करते हुए पत्थरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पुलिस की सहायता से जब्त की है। वनपाल राकेश चौधरी ने बताया कि पत्थरों से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली को जब्त कर रेंज परिसर संजय वन में लाकर खडा कर मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान रामअवतार जाट सहायक वनपाल, राकेश कुमार बैरवा सहायक वनपाल, बद्रीलाल भारी, वनरक्षक रामराज मीणा, वनरक्षक और राजेश कुमार नायक मौजूद थे। उन्होंने बताया कि वन खंड नोहटा में हो रहे खनन पर अंकुश लगाने हेतु लगातार क्षेत्र में गश्त करते हुए अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### सीताराम सैनी अध्यक्ष चुने गए

**श्रीमाधोपुर।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की साधारण सभा की बैठक शनिवार को डॉ. महेंद्र प्रताप तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से सीताराम सैनी को अध्यक्ष, सागरमल हलवाई को सचिव व रेवत सिंह को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस बैठक में डॉ सुरेंद्र सिंह शेखावत, डॉक्टर नीलकंठ कयाल, डॉ मंगल यादव, बजरंग लाल कुमावत, मालीराम बिजारणिया, रामरतन सोनी, राजेंद्र प्रसाद जांगिड़, डॉ मुकेश ब्लडवाल, संयोग भावरिया, मानक चंद तिवारी आदि उपस्थित थे। क्लब की नई कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने पदों को स्वीकार करते हुए जिम्मेदारी को बखूबी निभाने का संकल्प लिया।

### सांप के काटने से युवक गंभीर

**पावटा।** प्रागपुरा में सांप के काटने से एक 21 वर्षीय युवक की स्थिति गंभीर हो गई। जिसे परिजनों ने इलाज के लिए पावटा सुंदरी देवी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए कोटपुतली के बीडीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक प्रागपुरा निवासी 21 वर्षीय युवक नीरज पुत्र महेश सैनी रविवार सुबह खेतों में कडब उठाने का कार्य कर रहा था तभी उसे एक सांप ने डस लिया।

### ललित गोयल बने कार्यकारी अध्यक्ष

**पावटा।** अखिल भारतीय वैश्य महासमेलन राजस्थान के अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल व महामंत्री केशव गुप्ता द्वारा महामंत्री मनीष मंगोडी वाला, कोषाध्यक्ष राजेश खुटेटा, प्रदेश युवा अध्यक्ष मुकेश विजय की सहमति से प्रागपुरा निवासी ललित गोयल को अखिल भारतीय वैश्य महासमेलन जिला जयपुर ग्रामीण का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है।

### बिजली सप्लाई बाधित रहेगी

**पावटा।** पावटा विधुत विभाग कनिष्ठ अभियंता वीरेंद्र यादव व सहायक अभियंता कपिल शर्मा ने बताया कि प्रागपुरा 33 केवी पावर हाउस पर सोमवार को पावर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि के चलते 33 केवी पावर हाउस प्रागपुरा से निकलने वाले सभी 11केवी फीडरों की बिजली सप्लाई सुबह 7:30 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी।

# मधुमक्खियों ने मनरेगा कार्य के दौरान हमला किया

**पावटा, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत फतेहपुरा खुर्द में नरेगा का कार्य करते हुए मधुमक्खियों के हमले से नरेगा श्रमिक घायल हो गए हैं।

मधुमखियों के हमले में घायल 5 नरेगा श्रमिकों तारा, संजया, केशरी, पिंकी, संतोष को पावटा सुंदरी देवी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। घटना ग्राम पंचायत फतेहपुरा खुर्द के धोल्या जोहड क्षेत्र की है, जहां नरेगा के

■ पांच श्रमिक हुए घायल, उपचार जारी



घायल श्रमिकों का इलाज पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया।

तहत मिट्टी डालने का कार्य चल रहा था। कार्य के दौरान मधुमक्खी का एक छत्ता छिड़ गया। इस दौरान एक बार मौके पर भगदड सी मच गई जिसके बाद लोगों ने इधर उधर भाग कर अपनी जान बचाई। वहीं कुछ श्रमिक मधुमक्खी काटने से बेहोश हो गई जिन्हें ग्रामीणों द्वारा पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उनका इलाज करते हुए इंजेक्शन लगाए गए। वहीं सरपंच प्रकाश ने बताया कि ग्राम पंचायत फतेहपुरा खुर्द के धोल्या जोहड क्षेत्र में रविवार को मनरेगा कार्य चल रहा है। नरेगा से जुड़े कार्यों के तहत मिट्टी डालने का कार्य किया जा रहा था। तभी मधुमक्खियों के हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हुए अचानक हमले से नरेगा का कार्य कर रहे मजदूरों में भगदड मच गई। मुधुमक्खियों के काटने से काम करने वाले 25 नरेगा श्रमिकों में 5 श्रमिकों को पावटा सुंदरी देवी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया। जहां घायल नरेगा कर्मियों के इलाज के बाद उन्हे छुट्टी दे दी गई।

## आजादी गौरव यात्रा का स्वागत किया

**पावटा।** कांग्रेस की लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने का संदेश देने सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई, राजस्थान प्रदेश सेवादल अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत सहित महिला पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का रामवतार टेपण के नेतृत्व में गांधी आश्रम साबरमती से राजघाट दिल्ली के लिए रवाना हुई आजादी की गौरव यात्रा का पावटा पहुंचने पर सीएचसी के पास भव्य स्वागत किया गया।

आजादी की गौरव यात्रा में 40 डिग्री से अधिक तापमान के बीच सफेद कपडे पहने पार्टी कार्यकर्ता हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा थामे चल रहे थे। स गौरव यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई गुजरी जहां आजादी गौरव यात्रा का जगह-जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं व शहरवासियों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेसी कैलाश छितौली वाले, महा वीर यादव, ओमप्रकाश गौड, मूलचंद सैनी कालूराम जांगिड संतोष देवी खारवाल आसमा बानो, सुरेश कटारिया, मंगतराम यादव सहित बडी संया में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## सार-समाचार

### यात्रा के साथ मूर्तिप्राण-प्रतिष्ठा शुरू



**पावटा/कोटपुतली।** ग्राम रघुनाथपुरा में सांवरिया धाम बाकली में शिव परिवार, हनुमान मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। आचार्य पंडित शुभम शर्मा ने बताया कि कलशों की विधिवत पूजा अर्चना कर कलश यात्रा को रवाना किया गया जो ग्राम के मुख्य मार्गों से नगर भ्रमण करती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालु आस्था में सराबोर होकर नाचते गाते नजर आये वहीं ग्रामीणों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। कोटपूतली अभिभाषक संघ के कोषाध्यक्ष एडवोकेट दिनेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि 23 मई सोमवार को शिव परिवार हनुमान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी। साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान लोक कलाकार जयराम ठेकला व सीताराम मासी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी इस मौके पर मालीराम मीणा, भागीरथ मीणा, जगदीश यादव भगत जी, पूर्ण यादव, हनुमान यादव, अमिचंद मीणा , ओम प्रकाश मीणा, सुरेश जांगिड, पवन मीणा आदि लोग मौजूद रहे।

### विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**देवली।** रविवार को यहां विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक की पालना में रालसा एक्शन प्लान 2022- 23 के अनुसार तालुकाओं में विधिक जागरूकता कार्यक्रम स्थानीय पेट्रोल पंप चौराहे पर किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन शहर के पेट्रोल पंप चौराहे पर हुआ। जिसकी अनुपालना में पैनल लॉयर (एडवोकेट) अनिल कुमार भूरेठा ने यहां उपस्थित व्यक्तियों को जैव विविधता के संरक्षण के महत्व व उसके विभिन्न पहलुओं और प्रौद्योगिकी तथा सतत विकास के संबंधो पर चर्चा कर जानकारी दी। साथ ही लायर अनिल बुरेटा ने प्रकृति के बारे में बताते हुए अधिक से अधिक पेङ पौधे लगाने उनका ध्यान रखने वनों से होने वाले लाभ हानि के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा मौजूदा व्यक्तियों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी। एवं उक्त संबंधी योजना का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। तथा उक्त कार्यक्रम के प्रचार प्रसार से संबंधित पंप्पलेट बाँटकर लोगों को जागरुक किया।

### बोलेरो की टक्कर से तीन गंभीर घायल

**उनियारा, (निसं)।** एनएच 116 टोंक सवाई माधोपुर रोड़ खेड़ली के पास तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी की टक्कर से तीन जने गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी अनुसार मनराज पुत्र पन्नालाल बैरवा, राजकुमार पुत्र बाबू लाल बैरवा, रेखा पत्नी मनराज बैरवा निवासी खेड़ली उनियारा से गांव की तरफ जा रहे थे। उसी समय पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उनके टक्कर मार दी। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको उनियारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही सूचना पर उनियारा थाने से नरेंद्र सिंह मय जाब्ते मौके पर पहुंचे। मामला अलीगढ़ थाना क्षेत्र का होने पर अलीगढ़ पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई मौके पर की। तीनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। पुलिस द्वारा इस मामले में अनुसंधान जारी है।

### मनरेगा कार्यो का निरीक्षण किया

**फागी।** उपखंड क्षेत्र की रेनवाल माजी पंचायत मुख्यालय पर संचालित महात्मा गांधी मनरेगा कार्यों का रविवार को माधोराजपुरा पंचायत समिति विकास अधिकारी बृजेंद्रसिंह धाकड ने औचिक निरीक्षण किया। इस दौरान 31 श्रमिक अनुपस्थित पाए गए। मैट गायत्री देवी ने बताया कि माधोराजपुरा पंचायत समिति विकास अधिकारी बृजेंद्र सिंह ने रेनवाल मांजी लुहारिया बांध आवक खुदाई महात्मा गांधी मनरेगा कार्य पर निरीक्षण करने पर 103 श्रमिको में से 31 श्रमिक अनुपस्थित मिले। विकास अधिकारी बृजेंद्र सिंह ने मेट नीतू देवी, गायत्री देवी को छाया, दवा की व्यवस्था करवाने के साथ ही मनरेगा कार्यस्थल से कार्य के समय नदारत होने वाले श्रमिकों की अनुपस्थित लगाने की बात कही गई।

### 'गौ सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं'

**अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि गौ सेवा से बडा कोई धर्म नहीं है। हम सभी को गौ माता की सेवा एवं रक्षा के लिये कृत सकंल्प रहना चाहिए उन्होंने कहा कि राजस्थान संभवत: देश का पहला राज्य है जहा गौ सेवा के संवर्धन के लिये वृहद स्तर पर गौ शालाओं का निर्माण कराया जा रहा है। केबिनेट मंत्री जूली रविवार को अलवर शहर के प्रताप ऑडिटोरियम में श्री सार्वजनिक गौ शाला एवं नेक कमाई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित गौ कथा में राष्ट्रीय संत श्री राजेन्द्र दास जी महाराज के प्रवचन सुन रहे थे। इस दौरान बडी संख्या में ऑडिटोरियम पहुचें गौ भक्तों ने गौ माता रक्षा के लिए अपनी ओजस्वी वाणी से संकल्प लिया।

### पुण्यतिथि पर गायों को चारा खिलाया

**श्रीमाधोपुर।** स्व. रामगोपाल चौहान की 8 वीं पुण्यतिथि पर सामाजिक कार्य करके उन्हें याद किया गया। डॉ. हंसराज चौहान सह आचार्य राजकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, होद, संयुक्त सचिव रूक्टा एव टीम द्वारा स्व रामगोपाल चौहान की 8 वी पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके पश्चात कस्बे की गायों को हरा चारा तथा गुड़ खिलाया गया व मोहल्ले की कन्याओं को फल वितरित करके उन्हें याद किया गया व पेड़ भी लगाए गए।

## शिविर में 400 मरीज हुए लाभांवित

**पावटा।** कस्बे स्थित पंसारी धर्मशाला में शनिवार को आओ साथ चले राष्ट्रीय संयोजक व भाजपा पार्टी दिल्ली प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु मित्तल द्वारा कैलाश चंद शर्मा अध्यक्ष सेवा भारती राजस्थान के मुख्य आतिथ्य, उपखंड पावटा एसडीएम राजवीर सिंह की अध्यक्षता व महासचिव दीनदयाल शोध संस्थान दिल्ली अतुल जैन, आओ साथ चलें संस्थान सीईओ मीना जांगिड, आओ साथ चलें संस्थान उपाध्यक्ष आनंद मित्तल उपाध्यक्ष, सरपंच विक्रम रावत, विपिन कुमार शर्मा, वीरेंद्र ढेढा, चंदन कुमार, पावटा प्रधान पूजा चौधरी, पूर्व सरपंच व सामाजिक कार्यकर्ता जगन चौधरी, गोपाल अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी, वाइस चेयरमैन नरपत सिंह, भाजपा एससी मोर्चा जिला महामंत्री बद्री प्रसाद चौहान भूरी भडाज शंकर स्वामी, सामाजिक कार्यकर्ता नीरज सेन के विशिष्ट आतिथ्य मे पंडित कमलेश शास्त्री के मंत्रोच्चार द्वारा दीप प्रज्वलित कर 'फ्री मेडिकल कैंप'का शुभारंभ किया गया। जिसमें 400 मरीजों की निशुल्क स्वास्थ्य की जांच की व परामर्श दिया।

# सांसद ने गांवों की चौपाल में लोगों की सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिये निर्देश

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** सांसद महंत योगी बालक नाथ ने करीब एक दर्जन गांव की चौपाल पर बैठकर लोगों की जन समस्याएं सुनी और मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन पर समस्याओं का निदान करने के लिए बोला।

इस दौरान सांसद ने ग्रामीणों की मांग पर सांसद निधि से विकास कार्य कराने की घोषणा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की और से शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अपील की। सांसद की चौपाल यात्रा के दौरान पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित पार्टी पदाधिकारी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के गांव माचा में रविवार को जनसुनवाई करने पहुंचे सांसद महंत योगी बालक नाथ, पूर्व विधायक रामहेत यादव का गांव वासियों ने ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। गांव की चौपाल पर सांसद ने 2 करोड़ 78 लाख रुपए की प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन व 11



किशनगढ़ बास के गांव माचा में गांव की चौपाल पर सांसद महंत योगी बालक नाथ, पूर्व विधायक रामहेत यादव जनसुनवाई में पहुंचे।

लाख रुपए सांसद निधि कोष से दिए जाने की घोषणा की और ग्रामीणों को कहा कोरोना महामारी के चलते सांसद निधि का 2 साल का बजट लेफ्स होने के कारण गांवों को जो विकास का पैसा मिलना चाहिए था वह नहीं मिल सका है। बजट थोडा है और सबको समान रूप से देना है और विकास को हमें आगे बढ़ाना है।

पूर्व विधायक रामहेत यादव ने कांग्रेस सरकार और क्षेत्रीय विधायक दीपचंद खेरिया पर विकास को रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा ईसरदा बांध परियोजना में किशनगढ़ बास को शामिल नहीं किया गया। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है अधिकारी कर्मचारी लोगों

■ सांसद निधि कोष से विकास के लिए पैसा दिया

की बात नहीं सुन रहे हैं। गांव में बिजली-पानी की बिगड़ी स्थिति के चलते हाल बेहाल है। शिकायत करो तो कोई सुन नहीं रहा है।

सांसद ने गांव राता खुर्द बल्लभ ग्राम पाटन मेवान रामपुर की ढाणी झिरडिया मीरका नूर नगर गिरवास बघेरी खुर्द बघेरी कला माछरोली दौलतपुर में गांव की चौपाल पर पहुंच कर जन सुनवाई की और लोगों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन पर समस्याओं का निदान करने के लिए कहा। सांसद की चौपाल यात्रा के दौरान पूर्व विधायक रामहेत यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ मनोज मित्तल सहित गांव के सरपंच एमपीएस जिला परिषद सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में गांव के लोग मौजूद रहे।

# चिकित्सा मंत्री ने निर्माणाधीन स्कूल भवन का लिया जायजा

**मंडावरी, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने मंडावरी नगर पालिका पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में बन रहे स्कूल के नए भवन निर्माण का अधिकारियों के साथ जायजा लिया।

चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा अधिकारियों के साथ स्कूल के लिए हो रहे नए भवन निर्माण में गुणवत्ता संबंधी जानकारी भी ली गई। चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा पूर्व में जब उद्योग मंत्री थे तब उद्योग विभाग के सीआरएस फंड से स्कूल भवन के लिए रुपए स्वीकृत कराए थे। मंत्री मीणा द्वारा हाल ही में स्वीकृत कराए गए महिला महाविद्यालय के संचालन वाली जगह पर विचार विमर्श करते हुए आगामी समय में मंडावरी कस्बे में शिक्षा के लिए क्या आमूलचूल परिवर्तन हो सकते हैं एवं शिक्षा का विकास किस तरह हो सकता

■ अंग्रेजी माध्यम स्कूल की लोकेशन पर भी चर्चा की

है उस पर भी चर्चा की गई। स्कूल के लिए नए भवन निर्माण का निरीक्षण कर जायजा लेते समय चिकित्सा मंत्री द्वारा उपस्थित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से क्षेत्र में खेले जाने वाले पांच अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के बेहतर लोकेशन एवं ज्यादा से ज्यादा छात्र छात्राएं अंग्रेजी माध्यम से लाभान्वित हो गए ऐसी जगहों के लिए विचार-विमर्श भी किया गया। वहीं चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा पर्याप्त संख्या एवं बेहतर लोकेशन सहित आगामी समय में अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मैं सुविधा युक्त वातावरण के लिए पर्याप्त जगह रहने वाली जगह को चिन्हित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान चिकित्सा मंत्री मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि नव निर्माणाधीन स्कूल भवन निर्माण को लेकर एक ठेकेदार द्वारा अनियमितता बरतने एवं निर्माण की मंथर गति को लेकर उसका कार्य आदेश निरस्त कर दिया गया। वहीं इस भवन के निर्माण को तेज गति मिले इसके लिए दूसरे ठेकेदार को कार्य दिए जाने की कार्रवाई की जा रही है। जिस निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर आरके मीणा, नगर पालिका लालसोट की चेयरमैन रक्षा मिश्र, स्वायत शासन संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष दिनेश मिश्र, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोविंद नारायण माली, स्थानीय प्रधानाचार्य भगवान सहाय मीणा, पूर्व सरपंच रामधन लाकड़ा, अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा आदि कई अधिकारी एवं शहरवासी मौजूद रहे।

## नए सीएचसी भवन के मुख्य द्वार के नक्शे को लेकर विरोध

**अलवर, (निसं)।** अलवर ग्रामीण विधानसभा की ग्राम पंचायत बहादुरपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को पिछली गहलोत सरकार में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत किया गया। लेकिन घोषणा को लागू इस बार गहलोत सरकार में ही किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य भवन के नई बिल्डिंग के निर्माण में जो नया नक्शा जारी किया गया उसमें सीएससी के मुख्य द्वार को पश्चिम दिशा से हटाकर दक्षिण दिशा की ओर कर दिया गया जोकि बहादुरपुर से रामगढ की ओर जाने वाली सड़क की ओर दिखाया गया।

नए सीएससी भवन के निर्माण के लिए जब इंजीनियरों की टीम ग्राम बहादुरपुर पहुंची तो वहां उपस्थित पंच सरपंच व ग्रामीणों ने नक्शे में दक्षिण दिशा में दिखाए गए मुख्य द्वार बनाने का विरोध किया। क्योंकि सामुदायिक स्वास्थ्य भवन की वर्तमान स्थिति में मुख्य द्वार पश्चिम दिशा की ओर है यदि दक्षिण दिशा की ओर मुख्य द्वार बनता है तो ऐसे में दुर्घटनाओं सहित अनेक दुविधाओं का सामना भी करना पड़ सकता है। मुख्य द्वार के नक्शे को लेकर ग्रामीणों का विरोध अलवर ग्रामीण विधायक एवं राजस्थान सरकार में सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली के पास पहुंचा। ग्रामीणों की जायज मांग को लेकर मंत्री जूली ने उपखंड अधिकारी अलवर प्यारेलाल सोठवाल को मामले की जांच कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों के गतिरोध को देखते हुए एसडीएम प्यारेलाल सोठवाल ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित चिकित्सा विभाग, निर्माण शाखा से एईएन , जेईएन, सहित पंच सरपंच व ग्रामीणों को लेकर शनिवार को मौके का जायजा लिया नए नक्शे को लेकर मुख्य द्वार का जो विरोध था वह उचित पाया गया।

# प्रकृति से अंतर संबंध स्थापित करने होंगे: डॉ. पहाड़िया

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र स्थित मायला कुआ पर वन विभाग व बायोडाइवर्सिटी रिसर्च एंड डेवलपमेन्ट सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस मनाया गया।

जिसमें बीआरडीएस के स्टेट कोर्डिनेटर डॉ. सुभाष पहाड़िया ने संबोधित करते हुए कहा कि लगातार जैवविविधता के स्तर में कमी हो रही है जिसके कारण वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन का सामना करना पड रहा है। तापमान में बढ़ोतरी ग्लैशियर का

■ 'प्रकृति का संरक्षण मानव जीवन की गारंटी'



लालसोट उपखंड मुख्यालय स्थित मायला कुआं पर जैव विविधता दिवस के मौके पर छात्रों को प्राकृतिक विरासत संरक्षण के लिए वन भ्रमण कराया गया।

पिघलना खाद्य संकट का सामना करना पड रहा है। वनस्पति व जीवों की प्रजातियां तीव्र गति से विलुप्त हो रही है। ऐसे में हमे लोगों को जैवविविधता संरक्षण के लिए आमजन को जागरूक करना होगा। साथ ही यह समझ भी विकसित करनी होंगी की बिना प्रकृति के संरक्षण के मानव अस्तित्व भी संकट में ही है। जमीनी स्तर पर पारिस्थितिकी तंत्र की पुनर्बहाली के लिए अथक प्रयास करने के साथ ही प्रकृति से अंतरसंबंध स्थापित करने होंगे। जंगलों और वेटलैंड्स को बचाने के लिए स्थानीय स्तर पर हमारे सामुहिक प्रयास सकारात्मकता के साथ हो तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस मुहिम से जुड़कर सरकार तक जैवविविधता संरक्षण के लिए सरकारी स्तर भी प्रयास हो तो अभी भी हम भविष्य की पीढ़ी के लिये प्राकृतिक विरासत को सुरक्षित रख सकते है। वन विभाग के अधिकारी सुशील चंद यादव ने कहा कि आमजन के सहयोग से ही वन विभाग जैवविविधता का संरक्षण कर सकता है। प्राचार्य अंजना त्यागी ने कहा कि पृथ्वी को और जैवविविधता के संरक्षण हेतु स्काउट गाइड के स्वयंसेवक हमेशा प्रयासरत रहेंगे। डॉ पहाड़िया के नेतृत्व में विद्यार्थियों और वन विभाग के कर्मचारियों ने मायला कुआ क्षेत्र में आरावली पहाड़ियों का भ्रमण कर सभी को जैवविविधता की जानकारी प्रदान की गई।


आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहितओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10041310668, 10041312178 एवं 10041120554 | गृह ऋण | 1. सिद्धार्थ गुप्ता 2. सुनीता गुप्ता 3. आलोक गुप्ता | 18.05.2022 | 2,37,18,027.72/- | **सम्पत्ति-** 1 व 2-रिहायशी सम्पत्ति फ्लेट नं. 313 व 314 तीसरे माले पर, बिल्डींग जिसे अथेना अपार्टमेंट के नाम से जाना जाता है, प्लाट नं. सी-2, सवाई जयसिंह हाईवे, बनीपार्क, जयपुर-302016 पर निर्मित है का पूरा व प्रत्येक भाग, फ्लैट नं. 313 कुल क्षेत्रफल करीब 1340.32 वर्गफीट व फ्लेट नं. 314 क्षेत्रफल करीब 182.43 वर्गफीट, सीमाएं है-पूर्व-खाली जगह, पश्चिम - अन्दर आने का रास्ता, दक्षिण-सीढ़ियाँ, उत्तर-खाली जगह **सम्पत्ति-** 3 व 4 - रिहायशी सम्पत्ति फ्लेट नं. 906 नवीं मंजिल व फ्लेट नं. 1006 दसवीं मंजिल, बिल्डींग जिसे अथेना अपार्टमेंट के नाम से जाना जाता है, प्लाट नं. सी-2 सवाई जयसिंह हाईवे, बनीपार्क, जयपुर-302016 पर निर्मित है, का पूरा व प्रत्येक भाग, फ्लैट नं. 906 कुल क्षेत्रफल करीब 1357.16 वर्गफुट व फ्लेट नं. 1006 कुल क्षेत्रफल 205.25 वर्गफुट, जमीन व खुली छत के अधिकार के साथ क्षेत्रफल 1152.52 वर्गफुट का पूरा व प्रत्येक भाग, सीमाएं है पर्व-कारीडार व फ्लेट नं. 903, पश्चिम-खुली जगह, दक्षिण-खुली जगह, उत्तर-लिफ्ट |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

दिनांक- 23.05.2022
स्थान- जयपुर